तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 14 नवंबर 2025



बिहान योजना की एकीकृत फार्मिंग क्लस्टर ... 14





लाखों रुपए के गांजा के साथ मुरादाबाद का तस्कर ... 14






# तीरथगढ़ में ग्लास ब्रिज निर्माण के लिए कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर जिले के तीरथगढ़ का जलप्रपात की अपनी खूबसूरती के लिए मशहूर है। इस जलप्रपात को निहारने के लिए हर साल हजारों की संख्या में देश-विदेश से पर्यटक यहां आते हैं। इस स्थान को और अधिक आकर्षित बनाने के कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान की ओर से पर्यटकों की सुविधा के लिए चायना की तर्ज पर तीरथगढ़ में ग्लॉस ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए राष्ट्रीय उद्यान ने तैयारी की जा रही है।

## ग्लॉस ब्रिज बनने से पर्यटक ऊंचाई पर खड़े होकर निहार सकेंगे जलप्रपात

### छत्तीसगढ़ में पहला ग्लास ब्रिज

बस्तर के सुरम्य वादियों में स्थित तीरथगढ़ के आकर्षक जलप्रपात में बनने वाला यह ग्लास ब्रिज छत्तीसगढ़ प्रदेश का पहला ब्रिज होगा। इसके अलावा यह देश का तीसरा ब्रिज होगा। पहला ग्लॉस ब्रिज सिक्किम में तो दूसरा बिहार के राजगीर में है।





### शीघ्र बनेगा ग्लॉस ब्रिज

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने बताया कि तीरथगढ़ जलप्रपात को पर्यटकों की सुविधा के लिए ग्लॉस ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए पुणे की कंपनी के विशेषज्ञ तीरथगढ़ का सर्वे कर चुके हैं।

ग्लॉस ब्रिज बनने से ऊंचाई पर खड़े होकर जलप्रपात देख पाएंगे। बस्तर संभागीय मुख्यालय शहर से 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह मनमोहक जलप्रपात पर्यटकों का मन मोह लेता है। पर्यटक इसकी मोहक छटा में इतने खो जाते हैं कि यहां से वापिस जाने का मन ही नहीं करता। मुनगाबहार नदी पर स्थित यह जलप्रपात चन्द्राकार रूप से बनी पहाड़ी से 300 फिट नीचे सीढ़ी नुमा प्राकृतिक संरचनाओं पर गिरता है, पानी के गिरने से बना दूधिया झाग एवं पानी की बूंदों का प्राकृतिक फव्वारा पर्यटकों को मन्द-मन्द भिगो देता है। साथ ही इस पर स्काईवाक करने का आनंद उठाने वालों की वजह से यहां के पर्यटन उद्योग का पंख लग जाएंगे।

## खबर संक्षेप




### उत्पाती शराबी पर पुलिस कार्रवाई

**कांकेर।** तहसील कार्यालय नरहरपुर में शराब सेवन कर नशे में घुत होकर उत्पात मचाने वाले को पुलिस ने पकड़ा और आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस को जानकारी मिलीकि एक व्यक्ति शराब के नशे हल्ला कर रहा है। पुलिस मौके पर पहुँचकर हल्ला मचाने वाले व उत्पात करने वाले मारवाड़ी निवासी 60 वर्षीय लव कुमार सिंहा पिता झाडुराम सिंहा को दबोचा, जो शराब के नशे में था। आरोपी तहसील कार्यालय में अंदर घुसकर गाली गलौच कर रहा था। मौके पर पुलिस द्वारा समझाईस देने पर भी पुलिस पार्टी को भी गाली देने लगा। मुलाहिजा रिपोर्ट में शराब का सेवन करना लेख किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36(च)(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### सड़क हादसे में गंभीर चोट आने से हुई मौत



**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत चिल्हाटी से सेलेगांव जाने वाले मार्ग पर सड़क दुर्घटना में घायल का इलाज के दौरान मौत हो गया। चिल्हाटी निवासी फागुराम चुरेंद्र ने पुलिस को बताया कि मृतक शेखर चुरेंद्र 12 नवंबर को सुबह मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बी 0557 में सवार होकर चिल्हाटी से सेलेगांव काम करने जा रहा था। विपरीत दिशा से आ रही मोटर सायकल के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया। गंभीर चोट आने की वजह से इलाज के दौरान धनेलीकन्हार के अस्पताल में मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा की तैयारी बैठक 18 को

**कांकेर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत 27 नवम्बर से 02 दिसम्बर की अवधि में कांकेर जिले के 410 तीर्थयात्रियों को तीर्थ यात्रा में भेजा जाना प्रस्तावित है। उक्त यात्रा की तैयारियों के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में 18 नवम्बर को बैठक रखा गया है। मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री दर्शन योजना के अंतर्गत तीर्थयात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों को कामाख्या देवी मंदिर, नवगृह मंदिर, वशिष्ट मुनि आश्रम, उमानंद मंदिर, शिवाजी का मंदिर, शंकर देव कला क्षेत्र-गुहावाटी का दर्शन कराया जाना प्रस्तावित है।

## निगरानी: उड़ीसा से आने वाले मालवाहक की 24 घंटे तलाशी ली जा रही

# सीमावर्ती राज्य के नाकों में मंडी कर्मी उपज के परिवहन की कर रहे निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शीघ्र ही होने वाली है, लेकिन उससे पहले ही धान तस्कर सक्रिय हो गए हैं। पड़ोसी राज्यों से धान के अवैध परिवहन पर कड़ाई से अंकुश लगाने का प्रयास किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे उड़ीसा के कई गांवों में धान की बोआई और कटाई समय से पहले हो जाती है, लेकिन वहां पर धान को सही कीमत नहीं मिलती। इसलिए तस्कर उड़ीसा से छत्तीसगढ़ में लाकर इसे किसानों की आड़ में बेचने की कोशिश करते हैं। इसलिए पड़ोसी राज्यों से लगने वाली राज्य की सीमाओं को सील किया गया है और सीमावर्ती इलाकों में धान का अवैध परिवहन रोकने के लिए लगातार कड़ी निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा अवैध परिवहन करने वालों पर सख्ती कार्रवाई की जाएगी। इसलिए कृषि उपज मंडी जगदलपुर की ओर से सीमावर्ती राज्य के धनपूंजी स्थित मंडी के नाका लगाया गया है, जहां मंडी के दो कर्मचारी तैनात है, जो 24 घंटे उड़ीसा से आने वाले मालवाहक को रोककर तलाशी की जा रही है।




### रात के अंधेरे में तस्करी हो रही

तस्करी का यह कारोबार रात के अंधेरे में किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि तस्कर रात को धान का परिवहन करते हैं और इसे छग के भीतरी गांवों में डंप कर देते हैं। इस तरह से सोसाइटी में इसे खपाना आसान हो जाता है। हर साल इस प्रकार की तस्करी का खेल चलता है।

### उड़ीसा में उपज को इतनी कीमत नहीं

उड़ीसा के कई गांवों में धान की बोआई और कटाई समय से पहले की जाती है, लेकिन वहां पर सोसाइटी में धान की सही कीमत नहीं मिलती, जिसके कारण किसान अपने उत्पाद को छत्तीसगढ़ में लाकर बेचने की कोशिश करते हैं। तस्कर इस रास्ते का इस्तेमाल करते हैं, ताकि अधिक लाभ कमा सकें।

### तस्करों के हाथों में जाने से रोका जा सके

कृषि उपज मंडी जगदलपुर के निरीक्षक वीरेन्द्र दिल्लीवार ने बताया कि धनपूंजी नाका में मंडी के कर्मचारी तैनात किया गया है, जो उपज की परिवहन की निगरानी की जा रही है। जिससे किसानों के हक की धान को तस्करों के हाथों में जाने से रोका जा सके।

## मेरा वार्ड सुंदर वार्ड बना मजाक, ड्रेनेज सिस्टम फेल, बोधघाट में फैली बदहाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




महापौर संजय पांडे शहर को देश में स्वच्छता रैंकिंग में नंबर 1 पर लाने के लक्ष्य के लिए प्रयासरत हैं। लगातार जनजागरण अभियान और स्वच्छता के प्रति प्रेरक प्रयासों के बावजूद कुछ वार्डों में स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। मेरा वार्ड सुंदर वार्ड जैसे अभियान का नारा बोधघाट स्थित राजीव गांधी वार्ड और सुंदरलाल शर्मा वार्ड की वास्तविकता में कहीं खो गया प्रतीत होता है।

राजीव गांधी वार्ड की नालियों का गंदा पानी लिंक होकर सुंदरलाल शर्मा वार्ड के बोधघाट हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में प्रवेश कर रहा है। लेकिन निजी आवास निर्माण के दौरान फेंके गए मलमे और दीवारों के नालियों में समा जाने से निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है। परिणामस्वरूप नाली का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है और नीचे स्थित पेयजल चेम्बरों में समाहित होकर संक्रमण का खतरा बढ़ा रहा है।

वार्डवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार शिकायत की, मगर समस्या जस की तस बनी हुई है। नगर निगम की उदासीनता और वार्ड प्रतिनिधियों की लापरवाही से लोगों को गंदगी और बदबू के बीच जीवन यापन करना पड़ रहा है।

### जल्द होगी सफाई

सुंदरलाल शर्मा वार्ड के एक निजी आवास की दीवार नाले में समा जाने से पानी की निकासी अवरुद्ध हुई है। कुछ रहवासियों द्वारा निर्माण मलबा नाली में डालने से यह समस्या और बढ़ी है। शिकायत मिलने पर निरीक्षण किया गया है और नाली की सफाई व निकासी बहाली का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा।

**खगेन्द्र ठाकुर**, पार्षद, राजीव गांधी वार्ड

### *जागरूकता ही स्वच्छता की कुंजी*

*महापौर के नेतृत्व में नगर निगम स्वच्छता को लेकर कई अभियान चला रहा है। फिर भी नागरिकों की असावधानी से कई क्षेत्रों में गंदगी की समस्या बनी हुई है। निगम अपील करता है कि लोग नालियों में मलबा या कचरा न डालें और "मेरा वार्ड सुंदर वार्ड" को वास्तविक रूप दें।*

## विहिप-बजरंग दल ने किया आतंकवाद का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ दिल्ली विस्फोट के दोषियों को सख्त सजा की मांग

दिल्ली में हुए आतंकी विस्फोट के विरोध में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को चांदनी चौक में जिहादी आतंकवाद का पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद मुर्दाबाद, भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए।

विहिप जिला अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता ने कहा कि देश में दहशत फैलाने वाले जिहादी तत्वों को सार्वजनिक रूप से कड़ी सजा दी जानी चाहिए, ताकि समाज में भय का वातावरण बने और दोबारा कोई ऐसी हरकत न कर सके। उन्होंने कहा कि निर्दोषों की हत्या मानवता पर कलंक है, जिसका प्रतिकार आवश्यक है। नगर अध्यक्ष प्रतीक गुरु ने कहा



कि दिल्ली विस्फोट का यह अमानवीय कृत्य कट्टर मानसिकता की पराकाष्ठा है, जिसकी निंदा शब्दों में नहीं की जा सकती। बजरंग दल जिला संयोजक मुन्ना बजरंगी ने कहा कि भारत की जनता आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट और सजग है। केंद्र सरकार से मांग की गई कि जिहादी विचारधारा फैलाने वाले संगठनों पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## रेलवे स्टेशन पर हाई अलर्ट में चला संयुक्त सुरक्षा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ आरपीएफ, स्थानीय पुलिस, डॉग स्क्वॉड और बीडीडीएस टीम की संयुक्त कार्रवाई, संदिग्ध वस्तु नहीं मिली

देशभर में जारी उच्च सतर्कता के मद्देनज़र आज दोपहर लगभग 1 बजे आरपीएफ पोस्ट जगदलपुर के अधिकारियों एवं स्टाफ ने स्थानीय पुलिस, डॉग स्क्वॉड तथा जिला बीडीडीएस टीम के सहयोग से रेलवे स्टेशन परिसर में एक व्यापक चेकिंग अभियान चलाया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, अपराधों की रोकथाम एवं संदिग्ध वस्तुओं या व्यक्तियों की पहचान करना रहा। टीम ने प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, आरक्षण काउंटर, पार्किंग एरिया सहित सभी संवेदनशील स्थानों की गहन जांच की। यात्रियों के साथ-साथ बिना दावे के छोड़े गए सामान की भी सावधानीपूर्वक तलाशी ली गई। पूरे अभियान के दौरान कोई भी संदिग्ध या आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई।आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई यात्रियों की सुरक्षा के प्रति रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। चेकिंग प्रक्रिया को इस प्रकार संचालित किया गया कि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ बनाई जा सके।



### सुरक्षा व्यवस्था में सतर्कता का संदेश

आरपीएफ द्वारा नियमित रूप से स्टेशन परिसर में सुरक्षा जांच अभियान चलाया जाता है। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी आपात स्थिति या संदिग्ध गतिविधि की सूचना यात्री तुरंत आरपीएफ या रेलवे हेल्पलाइन पर दें,ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

### *समूचे रेलवे क्षेत्र में चलाया जा रहा जांच अभियान*

*रेल मंडल मुख्यालय से मिले निर्देश पर समूचे स्टेशन क्षेत्र में जांच अभियान चलाया जा रहा है। स्टेशन पहुंचने वाले हर संधिग्ध लोगो पर हमारे सुरक्षा जवानों की पैनी नजर है। यहां तक की स्टेशन के अलग-अलग स्थानों पर जवान सिविल वेशभूषा में एक-एक लोगो पर नजर रख रहे है। अभी तक ऐसे कोई संधिग्ध की पहचान नही हो पाई है। लेकिन सघन जांच अभियान जारी रहेगा।*

***प्रवीण कुमार**, आरपीएफ पोस्ट इंचार्ज, जगदलपुर*

## स्टेशन पर शुरू हुई स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन

# रेल सेवाओं में नया अध्याय यात्रियों की सुविधा के लिए नई पहल अब टिकट खरीदना आसान हुआ

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| जगदलपुर

जगदलपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) की शुरुआत की गई है। यह सुविधा यात्रियों को तेज़,सुरक्षित और संपर्करहित टिकटिंग की आधुनिक व्यवस्था प्रदान करेगी। विदित हो पिछले दिनों विशाखापटनम रेल मंडल मुख्यालय में रेलवे संसदीय समिति की बैठक में सांसद महेश कश्यप इस मुद्दे को जोरशोर के साथ उठाया था। सांसद के इस विषय को रेल जोन भुवनेश्वर के जीएम परमेश्वर फंकवाल ने काफी गम्भीरता से लिया। 10 दिनों में इस सुविधा को शुरू कर सांसद की मांग पर सार्थक पहल करते रेल प्रशासन ने यह नई सुविधा यहां प्रारम्भ की। यह पहल बस्तर क्षेत्र में रेल सेवाओं के विस्तार और यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएँ देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम


▶▶|शेष पेज 12 पर


### रेल सेवाओ का विस्तार मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता

जगदलपुर सहित पूरे बस्तर क्षेत्र में रेल सेवाओं का विस्तार मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यात्रियों को आधुनिक और सुगम सुविधा मिले,इसके लिए निरंतर प्रयास जारी हैं। एटीवीएम जैसी पहल से टिकटिंग प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बनी है। आने वाले समय में स्टेशन पर और भी जनसुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी।"

**के पवन कुमार**, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, विशाखापटनम



### यात्रियों के लिए राहत की तकनीकी सौगात

जगदलपुर स्टेशन पर एटीवीएम की शुरुआत से रेल सेवाओं में आधुनिकता का नया अध्याय जुड़ गया है। अब यात्री बिना किसी कठिनाई के टिकट प्राप्त कर सकेंगे। डिजिटल भुगतान और स्मार्ट कार्ड से सुविधा और पारदर्शिता दोनों बढ़ी है। यह कदम रेल प्रशासन की यात्रियों के प्रति संवेदनशीलता का प्रमाण है।


BMC
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 16/11/2025, शाम 5 बजे तक
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

# टाइप-1 डायबिटीज़ की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग, यूनिसेफ और एकम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 12 और 13 नवम्बर को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य गैर-संचारी रोगों, विशेषकर टाइप–1 डायबिटीज़ के बारे में स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित और जागरूक करना था। प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी, डॉ. भावना महलवार जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं यूनिसेफ स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. गजेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान शिशु राज्य विशेषज्ञ डॉ. रुद्र कश्यप ने टाइप–1 डायबिटीज़ की पहचान, नियंत्रण और प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह रोग तेजी से फैलता जा रहा है और समय पर निदान एवं प्रबंधन से गंभीर जटिलताओं को रोका जा सकता है।

- कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देश में आयोजित प्रशिक्षण

## दो दिवसीय सत्र में 145 सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मियों ने लिया हिस्सा

### 145 स्वास्थ्य कर्मियों को मिली व्यावहारिक सीख

प्रशिक्षण में 145 सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मियों एवं अन्य स्टाफ को रोग के लक्षणों की पहचान, परामर्श तकनीक, सामुदायिक जागरूकता, नैदानिक प्रबंधन, पेशेंट सपोर्ट ग्रुप की भूमिका के संबंध में जानकारी दी गई। सत्र में यह भी बताया गया कि टाइप–1 डायबिटीज़ से प्रभावित बच्चों और परिवारों को सामाजिक, मानसिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिनसे निपटने में स्वास्थ्य कर्मी सहायक भूमिका निभा सकते हैं।



### प्री–टेस्ट और पोस्ट–टेस्ट से आँकी गई प्रशिक्षण की प्रभावशीलता

प्रशिक्षण की उपयोगिता का मूल्यांकन पूर्व और पश्चात परीक्षण के माध्यम से किया गया। प्रतिभागियों ने इसे व्यावहारिक और प्रभावी प्रशिक्षण अनुभव बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनसीडी नोडल अधिकारी डॉ. ममता ठाकुर एवं जिला एनसीडी सलाहकार डॉ. जे. विनय जोएल का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### विरोध के बाद जिला प्रशासन ने स्थगित की 14 नवंबर की प्राचार्य बैठक

**कोण्डागांव।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 14 नवंबर बाल दिवस को प्रस्तावित प्राचार्य बैठक स्थगित करने की मांग को लेकर किए गए विरोध और ज्ञापन सौंपने की कार्रवाई के बाद जिला प्रशासन ने बैठक को स्थगित कर दिया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती जैसे महत्वपूर्ण दिन पर जिला पंचायत सीईओ कोंडागांव द्वारा आयोजित की गई प्राचार्यों की बैठक अनुचित, असंवेदनशील और दुराग्रहपूर्ण है। ज्ञापन और विरोध के बाद जिला प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से बैठक को स्थगित कर दिया। अब इस बैठक की अगली तिथि बाद में घोषित की जाएगी। कांग्रेस ने इसे बच्चों और शिक्षकों के हित में लिया गया सही और स्वागतयोग्य निर्णय बताया है।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित के वारिस को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता मंजूर

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के तहत प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवार को आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। तहसील कोण्डागांव के ग्राम मालाकोट निवासी रूनई की सर्पदंश से मृत्यु होने पर शासन के नियमों के अनुसार उनके पति सोनारू को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को निर्देशित किया है कि स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि पीड़ित वारिस के बैंक खाते में शीघ्र हस्तांतरित की जाए, ताकि परिवार को त्वरित राहत मिल सके। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत प्रदान की जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ऐसे प्रकरणों में विलंब न हो और पात्र परिवारों को समय पर सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए।

### चलका हाई स्कूल में चला तंबाकू व नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आज शासकीय हाई स्कूल, चलका में तंबाकू एवं नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आर. के. चन्द्रवंशी जिला नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, डॉ. सोनल ध्रुव जिला नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम) तथा डॉ. भावना महलवार जिला कार्यक्रम प्रबंधक, रा.स्वा.मि. के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान साइकेट्रिक दिव्यांशु चौधरी और प्रभारी सोशल वर्कर वीरेंद्र केला ने विद्यार्थियों को तंबाकू मुक्त युवा 3.0 और नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूक किया।

## प्रधानमंत्री की बड़ी पहल : जनजातीय गौरव वर्ष में विकास को मिली नई गति

# आदिवासी समाज से आधुनिक विश्व को सीखने की जरूरत : लता उसेंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने आज आदिवासी समाज, जनजातीय गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष 2024/2025 से संबंधित केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी साझा की।

- कोंडागांव विधायक लता उसेंडी ने साझा की आदिवासी समाज के उत्थान से जुड़ी योजनाएं
- बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर सरकार की ऐतिहासिक घोषणाएं

उसेंडी ने कहा कि आदिवासी समाज की जीवन शैली और संस्कृति प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और सामाजिक सामंजस्य की उत्कृष्ट मिसाल है। उन्होंने कहा कि आधुनिक विश्व को आदिवासी समाज से प्रकृति के प्रति सम्मान और सतत विकास सीखने की आवश्यकता है।




### बिरसा मुंडा के उलगुलान आंदोलन को किया याद

विधायक उसेंडी ने भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए कहा कि उनका उलगुलान आंदोलन आदिवासी अधिकारों और स्वतंत्रता संग्राम की दिशा बदलने वाला ऐतिहासिक संघर्ष था।

### जनजातीय गौरव दिवस : मोदी सरकार की दूरदर्शी पहल

उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 से 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को जनजातीय गौरव वर्ष घोषित कर देशभर में कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष सेवक राम नेताम, मनोज जैन, आकाश मेहता, बाल कुंवर प्रधान, जितेन्द्र सुराना, संतोष पात्र, प्रतोष त्रिपाठी, लक्ष्मी ध्रुव, अनीता नेताम, सोनमणि पोयाम, सुमन शुक्ला, सुषमा खोबरागड़े, प्रदीप नाग, बिट्टू पाणिग्रही, अविनाश सोरी, अभिनेत्र सिंह सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### योजनाओं का किया शुभारंभ

विधायक लता उसेंडी ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा जनजातीय समाज के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। 6,640 करोड़ रुपए की जनजातीय कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ धरती आबा जनजातीय ग्राम उन्नयन अभियान के तहत 1.16 लाख घरों का निर्माण पीवीटीजी समुदाय के लिए 25,000 आवासों की आधारशिला जनजातीय क्षेत्रों में 50 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स की शुरुआत देशभर में 10 नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन शिक्षा, रोजगार और संस्कृति संरक्षण पर विशेष ध्यान सुश्री उसेंडी ने कहा कि केंद्र सरकार आदिवासी युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अधिक अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। कला, भाषा और परंपराओं के संरक्षण हेतु विशेष योजनाएँ लागू हैं।

### नायकों की स्मृति का महाअवसर

उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन जल, जंगल, जमीन की लड़ाई आज भी पूरे देश को प्रेरित करता है। यह वर्ष आदिवासी नायकों की बलिदान गाथाओं को समझने और सम्मान देने का महत्वपूर्ण अवसर है।

# माजीसा राइस मिल से 600 बोरी अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025 के दौरान धान के अवैध परिवहन और भण्डारण पर निगरानी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में माजीसा राइस मिल से 600 बोरी धान वाहन सहित जब्त किया गया।

खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव ने बताया कि धान से भरा उक्त वाहन बस्तर जिले के सिवनी संग्रहण केंद्र से लाया जा रहा था और इसे धमतरी जिले के रामसेवक एंड संस राइस मिल भेजा जाना था। परंतु वाहन को माजीसा राइस मिल, कोण्डागांव में उतारा जा रहा था, जो नियमानुसार अवैध परिवहन की श्रेणी में आता है।

### कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत होगा मामला

इस मामले में अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और इसे आगे की कार्रवाई के लिए कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। खाद्य विभाग द्वारा जिलेभर में निगरानी बढ़ा दी गई है ताकि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता न हो सके।

### प्रशासन की सख्त निगरानी जारी

जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि धान की अवैध खरीदी, भण्डारण या परिवहन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी मिलों और परिवहन मार्गों पर निरंतर जांच अभियान जारी रखें ताकि सरकारी नीति के अनुरूप पारदर्शी धान खरीदी सुनिश्चित की जा सके।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन लेंगे 30 तक

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति सत्र 2025–26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह योजना कक्षा 12वीं से उच्च शिक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए लागू है। इच्छुक विद्यार्थी 30 नवम्बर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# हिंदू राष्ट्र की मांग को लेकर निकली यात्रा, हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगाँव

छत्तीसगढ़ शिवसेना द्वारा हिंदू राष्ट्र मांग समेत देश हित में अन्य मुद्दों पर चार दिवसीय हिंदू राष्ट्र मोर्चा के तहत 11 नवंबर को यात्रा का शुभारंभ दंतेवाड़ा से माँ दंतेश्वरी मंदिर मे माता की पूजा कर किया गया। जहां आज 13 नवंबर गुरुवार को क्षेत्र के शिवसेना के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष धनंजय परिहार सहित अन्य पदाधिकारी का भव्य रूप से भाव रूप से स्वागत किया गया।

इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष धनंजय परिहार ने कहा कि हिंदू राष्ट्र मांग समेत देशहित के अन्य मुद्दों पर यह चार दिवसीय यात्रा निकाली गई है, जिसमे हिंदू राष्ट्र मांग, देश को हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए, गौ माता को राज्य माता घोषित किया जाए। देश में समान नागरिक संहिता लागू किया जाए। प्रदेश में हो रहे गौ तस्करी को पूरी तरह से बंद किया जाए और गौ हत्या करने वालों के ऊपर 302 अन्यथा संशोधित अधिनियम भारतीय न्याय संहिता 2023 के अनुसार धारा 103 का मुकदमा दर्ज किया जाए. प्रदेश में हो रहे धर्मान्तरण को तत्काल प्रभाव से रोका जाए साथ ही धर्मान्तरीत लोगों से आरक्षण लाभ से मुक्त किया जाए, ऐसे कई अन्य मुद्दे हैं जिनको लेकर शिवसेना के द्वारा चार दिवसीय यात्रा पर है इस यात्रा का कल शुक्रवार को रायपुर में समापन किया जाएगा। इस दौरान सुरक्षा के मद्दे नजर बड़ी संख्या में पुलिस के जवान तैनात रहे।

# बयानार में नशामुक्त भारत अभियान व लाइफ स्किल कार्यशाला का आयोजन



**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बयानार में नशामुक्त भारत अभियान एवं तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम एवं लाइफ स्किल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन साइकेट्रिक दिव्यांशु चौधरी और प्रभारी सोशल वर्कर वीरेंद्र केला द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. आरके चन्द्रवंशी, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी डॉ. सोनल ध्रुव, एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भावना महलवार के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

**छात्रों को दी गई नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी:** सत्र के दौरान विद्यार्थियों को तंबाकू एवं अन्य नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया। विशेषज्ञों ने कहा कि नशे की लत न केवल शरीर को कमजोर करती है, बल्कि निर्णय क्षमता और सामाजिक व्यवहार पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती है। कार्यशाला में विद्यार्थियों को आत्म–नियंत्रण, निर्णय क्षमता, तनाव प्रबंधन और सकारात्मक सोच जैसे जीवन कौशल विकसित करने के व्यावहारिक तरीके सिखाए गए। उन्हें बताया गया कि मानसिक रूप से सशक्त होना सफलता की पहली सीढ़ी है।

### स्वस्थ और नशामुक्त समाज की दिशा में पहल

इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं में नशे के प्रति जागरूकता, स्वस्थ जीवनशैली का प्रोत्साहन, और मानसिक रूप से सशक्त पीढ़ी का निर्माण करना है। विद्यालय प्रबंधन ने इस तरह के कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए उपयोगी बताया और स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया।

## विधायक ने किया सड़क का भूमि पूजन...



**कोण्डागांव।** वर्षों से रही खुटडोबरा निवासियों की मांग अब पूरी हो गई है आज विधायक लता उसेंडी ने कनेरा रोड से खुटडोबरा जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया यह सड़क लगभग 2 करोड़ 56 लाख की लागत की है इस सड़क निर्माण से खुटडोबरा आने जाने सुविधा होगी इस भूमिपूजन से गांव के लोगों में खुशी का माहौल बना हुआ है।

# सफलता की कहानी: बिहान योजना से आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं शकुन्तला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कभी दूसरों के खेतों में मजदूरी कर अपने परिवार का पालन–पोषण करने वाली शकुन्तला शार्दुल आज अपने खेतों में मेहनत और लगन के बल पर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। उनकी यह कहानी बताती है कि यदि अवसर और सही मार्गदर्शन मिले, तो महिलाएँ अपनी तकदीर खुद लिख सकती हैं।



वर्ष 2015 में शकुन्तला ने अपने गाँव की सिलेंदरी स्व–सहायता समूह से जुड़कर बिहान योजना के तहत अपनी यात्र की शुरुआत की। पहले उन्होंने समूह से लोन लेकर सेंटरिंग प्लेट का व्यवसाय शुरू किया, लेकिन अपेक्षित लाभ न मिलने पर उन्होंने कृषि की ओर कदम बढ़ाया। असफलता से हार मानने के बजाय शकुन्तला ने नई राह चुनी और सब्जी की खेती शुरू की। समूह से मिले ऋण से शकुन्तला ने अपने खेत में बोरवेल खुदवाया और सिंचाई की सुविधा प्राप्त की। शुरुआत में मटर, बरबटी और भिंडी की खेती की, जिससे उन्हें अच्छा मुनाफा मिला। सफलता से प्रेरित होकर उन्होंने पुनः बिहान योजना से लोन लेकर ड्रिप सिंचाई प्रणाली लगवाई और खेती का दायरा बढ़ाते हुए बैंगन, टमाटर, भिंडी और मटर की बुआई की।

हर सीजन में हो रही अच्छी आमदनी – आज शकुन्तला की मेहनत रंग ला रही है उनकी खेती से हर सीजन में लगभग 15 हजार रुपये मासिक आय हो रही है। पहले जहाँ परिवार को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए संघर्ष करना पड़ता था, वहीं अब उनका परिवार आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बन गया है।

शकुन्तला मुस्कुराते हुए कहती हैं बिहान योजना ने हमें खुद पर विश्वास करना सिखाया है। अब हम न सिर्फ अपने घर की जिम्मेदारी निभा रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन गई हैं। बिहान योजना ने शकुन्तला शार्दुल जैसी हजारों ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आत्मनिर्भरता की नई रोशनी जगाई है। महिलाएँ अब समूहों के माध्यम से खेती, पशुपालन और हस्तशिल्प जैसे कार्यों के जरिए आर्थिक स्वावलंबन और सामाजिक सम्मान की ओर बढ़ रही हैं।

## गर्भवती महिलाओं की सतत निगरानी पर दिया विशेष जोर

# कलेक्टर ने स्कूलों, छात्रावासों और स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

विकासखंड के विद्यालय, छात्रावास और स्वास्थ्य केंद्रों का कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने गुरुवार को निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ग्राम आलोर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य जांच एवं प्रसव की जानकारी ली। उन्होंने उच्च जोखिम वाले गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की सतत निगरानी पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे गर्भवती महिलाओं से दूरभाष से नियमित संवाद कर उनके स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी लेते रहें। इसके पश्चात उन्होंने बड़ेडोंगर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान विद्यार्थियों के अपार आईडी निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और जिनका नहीं बन पाया है उनके लिए शिविर लगाकर आधार कार्ड में त्रुटि सुधार करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बड़ेडोंगर में प्री मेट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास का भी निरीक्षण किया और डाइनिंग रूम हेतु आवश्यक फर्नीचर की व्यवस्था के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही रीडिंग रूम की व्यवस्था के साथ कंप्यूटर रूम को सुचारू रूप से संचालित करने के भी निर्देश दिए.ग्राम कोनगुड में उन्होंने सेजेस विद्यालय परिसर में बने नवीन छात्रावास भवन का निरीक्षण किया और 15 दिन में आवश्यक मरम्मत कार्य पूर्ण कर हैंड ओवर करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए।

- 15 दिन में छात्रावास भवन की मरम्मत पूरी करने के निर्देश





इस अवसर पर फरसगांव एसडीएम अश्वन पुसाम, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एआर मरकाम, तहसीलदार जय कुमार नाग, जनपद पंचायत सीईओ रूपेश नेताम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पेज 11 के शेष...

### रेल सेवाओं में...

मानी जा रही है। व्यस्त समय में टिकट खिड़कियों पर लगने वाली लंबी कतारों से अब यात्रियों को पूरी तरह राहत मिलेगी। एटीवीएम मशीन के माध्यम से यात्री अनारक्षित टिकट, प्लेटफ़ॉर्म टिकट और सीज़न टिकट कुछ ही मिनटों में प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें केवल स्मार्ट कार्ड या स्टेशन पर मौजूद अधिकृत सुविधा प्रदाताओं की मदद लेनी होगी। यह तकनीकी सुविधा न केवल समय की बचत करेगी बल्कि बुकिंग काउंटरों पर भीड़ को भी काफी हद तक कम करेगी। रेल प्रशासन का मानना है कि इससे यात्रियों की संतुष्टि और स्टेशन की कार्यकुशलता दोनों में सुधार होगा।

## खबर संक्षेप

### मेला में स्वादिष्ट व्यंजनों का लिया आनंद



**बस्तर।** बस्तर ब्लॉक के डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल करमरी में गुरुवार को बाल दिवस के उपलक्ष्य में एक फूड फेस्टिवल आनंद मेला का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा 5वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने स्वयं द्वारा तैयार किए गए विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का आकर्षक प्रस्तुतीकरण किया तथा उनकी बिक्री भी की। विद्यार्थियों के इन प्रयासों ने विद्यालय परिसर को एक जीवंत मेले का रूप प्रदान किया। कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी उपस्थिति दर्ज कराई और बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता कौशल का विकास करना एवं उन्हें स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित करना था। शिक्षक प्रभारी साहिस्ता खान ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें जीवन कौशल और व्यवहारिक ज्ञान भी प्रदान करते हैं। भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक और शिक्षाप्रद आयोजनों की निरंतरता बनी रहेगी। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के समस्त शिक्षकों का सहयोग एवं योगदान सराहनीय रहा। पूरे उत्साह और उल्लास के साथ डीएवी प्रांगण में आयोजित यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### वेबसाइट में 2003 की अंतिम मतदाता सूची उपलब्ध

**दंतेवाड़ा।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाया जा रहा है। जिसमें यह सुनिश्चित किया जाना है कि मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध पारदर्शी और निष्पक्ष हो, इसके अन्तर्गत स्पष्ट किया गया है कि बीएलओ द्वारा 2003 की मतदाता सूची से 2025 के डेटा का मिलान के तहत आयोग के वेबसाईट के माध्यम से भारत के किसी भी क्षेत्र का अंतिम एसआईआर सूची प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य के मतदाता हेतु वेबसाईट के माध्यम से 2003 की मतदाता सूची सर्च किया जाकर मिलान किया जा सकता है। इसके अलावा मतदाता अपने क्षेत्र के बीएलओ के माध्यम से अंतिम एसआईआर में स्वयं या माता-पिता का नाम मिलान कर सकते है। इसके अतिरिक्त मतदाताओं की सहायता हेतु 1950 कॉल सेंटर जिले में स्थापित है। जहां किसी प्रकार की समस्या आने पर कॉल करके समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

### मद्देड़ बस स्टैंड खंडहर में तब्दील

# 50 लाख की लागत, 3 साल से तरस रहा उद्घाटन को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मद्देड़

विकास की योजनाओं और उनकी जमीनी हकीकत के बीच की दूरी अगर समझनी हो तो मद्देड़ बस स्टैंड इसका सबसे ताजा और सटीक उदाहरण है। करीब 50 लाख रुपये से अधिक की लागत से तैयार हुए इस बस स्टैंड को बने 3 साल से ऊपर हो चुके हैं, लेकिन न तो इसका उद्घाटन हुआ और न ही यहां पर बसें रुकती हैं।

■ बसें आज भी बाजार और मुख्य सड़क पर ही रुकती है

यात्री प्रतीक्षालय और परिसर की बनाई गई सुविधा अब धीरे-धीरे खंडहर में बदल रही है। दीवारें टूटने लगी हैं, फर्श उखड़ गया है और चारों ओर झाड़ियां फैल गई हैं। हालात यह कि बस स्टैंड बनने के बाद भी बसें आज भी बाजार और मुख्य सड़क पर ही रुकती हैं। इससे यातायात जाम होता है, दुर्घटना की आशंका रहती है और व्यापारियों व यात्रियों दोनों को परेशानी उठानी पड़ती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बस स्टैंड बनने के समय उम्मीद थी कि अब मद्देड़ का चेहरा बदलेगा, लेकिन आज स्टैंड का हाल देखकर लगता है मानो कोई सुनसान छोड़ा गया गोदाम हो।








#### रोजगार के अवसर बनेंगे

मद्देड़ बस स्टैंड बना जरूर, लेकिन फर्श और क्रांकीट का काम अधूरा रह गया। बसें रुकती नहीं, 10 से अधिक बने काम्पलेक्स भी बंद पड़े हैं। अगर बस स्टैंड चालू हो जाता तो रोजगार के अवसर भी बनते और यात्रियों को सुविधा भी मिलती।

**-श्याम बाबू चितापुरी, उप सरपंच**

#### दुर्घटना का खतरा बढ़ा

बस स्टैंड बना था व्यवस्था के लिए लेकिन आज भी बसें घरों के सामने और सड़क पर रुकती हैं। दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। बस स्टैंड होना और उसका काम न आना, दोनों बराबर हो गया है।

**-संतोष पुजारी, स्थानीय ग्रामीण**

#### संदिग्ध तत्वों का जमावड़ा

मद्देड़ पुराना टाउन है, बस स्टैंड वर्षों की मांग थी। भवन तो बना, लेकिन बसें नहीं रुकती। धीरे-धीरे प्रतीक्षालय की हालत खंडहर सी हो गई। बस स्टैंड में सामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है, यहां लोग डरकर भी नहीं जाते।

**-हेमंत तिवारी, स्थानीय व्यापारी**

#### स्थानीय लोगों में नाराजगी

तीन साल पहले चमचमाता दिखता था, आज पेंट उखड़ चुका है, दीवारें टूट रही हैं। सांप-बिच्छू का डर रहता है। सरकारी पैसा पानी की तरह बहा दिया गया पर उपयोग शून्य, स्थानीय लोगों में नाराजगी भी है।

**-तड़कल राजू, व्यापारी**

#### ग्रापं ने प्रस्ताव भेजा

बस स्टैंड के सामने का सीसी क्रांकीट का काम अधूरा है, जिसके कारण बसें रुक नहीं पा रही। ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव भेज दिया है, अधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है। काम पूरा होते ही व्यवस्था लागू करेंगे।

**-सेंड्रा समैया, पूर्व सरपंच**

#### यातायात में होगा सुधार

अंर्तराज्य बसें रोज गुजरती हैं। अगर बस स्टैंड चालू होता तो व्यापार भी बढ़ता और ट्रैफिक भी नियंत्रित होता। आज हर घर के सामने बस रुकना मजबूरी बन चुका है। प्रशासन को चाहिए कि बसों को स्टैंड में रुकने के लिए प्रयास करना है।

**-सीएच पुरुषोत्तम, व्यापारी**

# अध्यक्ष ने किया खिलाड़ियों का सम्मान

### उत्साह के साथ समापन हुआ ब्लॉक स्तरीय बस्तर ओलंपिक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

विगत सप्ताह भर से कोंटा ब्लॉक में चल रही बस्तर ओलंपिक खेलों का ब्लॉक स्तरीय समापन बुधवार देर संध्या कोंटा के स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रांगण में हुई। ज्ञात हो कि जोन स्तरीय तीन दिवसीय खेलों के बाद दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलों का शुभारंभ किया गया था। जिसमें 1168 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। ओलंपिक के विभिन्न खेलों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त सभी खिलाड़ियों को भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे, जिपं सदस्य कोरसा सन्नू सहित जनपद अध्यक्षा कुसुमलता कवासी, दोरनापाल नगर पंचायत अध्यक्षा राधा नायक सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने ट्राफी तथा प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मान किया।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी, भाजपा जिला अध्यक्ष साई रेड्डी, युवा मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, महिला मोर्चा के पदाधिकारी, शिक्षक शिक्षिकाएं, एसडीएम सुभाष शुक्ला, जपं सीईओ सुमीत ध्रुव, बीईओ श्रीनिवास राव, बीआरसी वीरभद्र राव सहित मंच संचालककर्ता टी श्रीनिवास राव सहित बस्तर ओलंपिक में शामिल विजेता उप विजेता के सभी प्रतिभागी मौजूद थे।

भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि बीते वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बस्तर ओलंपिक के लिए कोंटा ब्लॉक से तकरीबन दस हजार खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया जो कि हम सब के लिए गौरव का विषय है। खिलाड़ियों के अंदर अनुशासन होनी चाहिए। बस्तर ओलंपिक के सार्थक उद्देश्यों को बताते हुए बारसे ने कहा वर्ष 2025 बहुत ही महत्वपूर्ण है। एक ओर हम सब छग निर्माण के पच्चीस वर्ष पूरे होने पर गौरव हासिल कर रहे है। तो वहीं दूसरी ओर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मना रहे है। जिसको लेकर हम सब 31 अक्टूबर से 25 नवम्बर तक एकता यात्रा के रूप में विभिन्न कार्यक्रम मना रहें है। उन्होंने बिरसामुंडा की 150वीं जयंती पंद्रह नवम्बर को मनाने की बात कहते कहा पूरा देश में जनजातीय गौरव दिवस मनाने का फैसला हमारे देश के प्रधानमंत्री का निर्णय है। प्रधानमंत्री मोदी का देश को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य 2047 होने की बात कहते। नक्सलवाद के चलते पूर्व में धीमीगति से विकास होने नियद नेल्लानार योजनांतर्गत चयनित वनांचल के गांव में तेजी से विकास होने की बात कही। नक्सल मुक्त भारत नक्सल मुक्त छग की ओर अग्रसर होने की बात कहते कहा हार के बाद ही जीत मिलती है। सुकमा का बेटा दिल्ली में लौह पुरुष के जयंती अवसर पर अंग्रेजी में भाषण देना गौरव का विषय कहते वर्ल्ड कप में बेटियो को मिली सफलता पर प्रकाश डालते हुए सभी खिलाड़ियों को गौरवान्वित महसूस कराया।

■ 2025 हम सब के लिए गौरव का वर्ष : बारसे

# बीएलओ कार्य की वजह से मूल कार्य होगा प्रभावित : रेहाना

### बीएलओ कार्य करने से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं नें किया इंकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप बीएलओ कार्य नहीं करने से साफ इंकार कर दिया है, जिनका कहना है सुबह 9:30 से लेकर 3:30 बजे तक बच्चों का प्राथमिक सर्वांगीण बौद्धिक विकास का कार्य करते है अगर बीएलओ ड्यूटी करते है तो हमारा मूल कार्य प्रभावित होगा।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका हैं जो महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत कार्य करते है। विभाग द्वारा 16 बिंदुओं के उद्देश्य पर कार्य करने अधिकृत किया गया है। रोजाना आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सुबह 9.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक कार्य किया जाना सुनिश्चित किया गया है, जिसमें विभिन्न गतिविधियां करा बच्चों का प्राथमिक सर्वांगीण बौद्धिक विकास किया जाना है। बीजापुर कलेक्टर संबित मिश्रा को ज्ञापन सौंप कर बताया कि हम अपना मूल कार्य पूरी ईमानदारी से कर रहे है बावजूद हमें विभागीय कार्य के अलावा गैर विभागीय कार्य किए जाने मौखिक आदेश लगातार दिया जा रहा है, जिसमें बीएलओ का कार्य भी शामिल है। उक्त बीएलओ का कार्य करने के कारण हमारा मूल कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे हमें कार्य करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। चुकीं विभागीय कार्य करने में हमें पूरा समय निकल जा रहा इस कारण अन्य कार्य करने में असमर्थ है।

जिला आंगनबाड़ी संघ की अध्यक्ष रेहाना ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं को विभागीय कार्य के अलावा गैर विभागीय कार्य नहीं कराए जाने के संबंध में गत दिनों संचालनालय से पत्र जारी हुआ था जिसमें स्पष्ट उल्लेख है कि किसी भी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं से विभागीय कार्य के अलावा अन्य गैर विभागीय कार्य न कराया जाए। बावजूद इसके हमसे बीएलओ का कार्य करने मौखिक आदेश दिया जा रहा है जो कि स्पष्ट रूप से संचालनालय द्वारा जारी आदेश का खुला उल्लंघन है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए हुआ 3 दिवसीय प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर/भोण्ड

बस्तर जिले के ब्लॉक मुख्यालय बस्तर के ऑडिटोरियम में बस्तर परियोजना की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए पोषण भी, पढ़ाई भी का 3 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का महिला एवं बाल विकास विभाग ने आयोजित किया था। जिसका उद्देश्य 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों की प्रारंभिक देखभाल और शिक्षा को मजबूत करना है।

मास्टर ट्रेंनिंग द्वारा प्रशिक्षण सामग्री के जरिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नवीनतम शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विकसित पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई ताकि वे बच्चों को खेल-आधारित गतिविधियों के माध्यम से आनंददायी और सार्थक शिक्षा प्रदान कर सकें। आंगनबाड़ी केंद्रों को उच्च गुणवत्ता वाले बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षित कार्यबल के माध्यम से जीवंत शिक्षक केंद्रों में परिवर्तित करना है। प्रशिक्षण के पश्चात महिला बाल विकास अधिकारी आसाराम पोर्ते सहित विभागीय अधिकारियों के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान महिला बाल विकास विभाग बस्तर प्रभारी सावित्री बघेल, पर्यवेक्षक सुनीता रामटेके, सुधा श्रीवास्तव, माया यादव, बुदयारिन भारती, गायत्री साहू, अनुका चंद्रवंशी, विद्या ठाकुर, रामेश्वरी साहू, नीतू यादव, रामेश्री साहू, रमेश नेताम एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खिलाड़ियों ने दिखाया जोश, दमखम और खेल भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

मिनी स्टेडियम बीजापुर में आज जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक का भव्य शुभारंभ हुआ।

उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों के उत्साह और जोश से मैदान गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक तनूजा सलाम, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल एवं जिला खेल अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, खेल प्रशिक्षक, शिक्षक, खिलाड़ी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

■ जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक का धमाकेदार शुभारंभ



खिलाड़ियों ने खो-खो, कबड्डी, रस्साकसी, व्हॉलीबॉल जैसे पारंपरिक खेलों में अपना दमखम दिखाया। वहीं बैडमिंटन कोर्ट में बैडमिंटन और एजुकेशन सिटी खेल एकेडमी में तीरंदाजी, लंबी दौड़, रिले रेस एवं अन्य एथलेटिक्स स्पर्धाएँ रोमांचक रहीं। बस्तर ओलंपिक का उद्देश्य बस्तर अंचल के खिलाड़ियों और युवाओं की प्रतिभा को निखारकर उन्हें एक सशक्त मंच प्रदान करना है। छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप जिला प्रशासन एवं खेल विभाग द्वारा प्रतियोगिता की व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। जिससे पूरे जिले में हर्षोल्लास और आत्मविश्वास का माहौल बना हुआ है। खेलों के साथ-साथ बस्तर ओलंपिक सांस्कृतिक एकता और लोक कला के उत्सव का प्रतीक भी बन गया है। शुभारंभ अवसर पर रात्रि में लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी जाएँगी।

जिले के चारों विकासखण्डों से आए सुदूर अंचलों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। जिला प्रशासन ने खिलाड़ियों के रहने, खाने-पीने और अन्य आवश्यक सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की है।

शुभारंभ अवसर पर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा और संचालक तनूजा सलाम ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल भावना के साथ निरंतर अभ्यास से खिलाड़ी न केवल जिले का बल्कि राज्य और देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

# इंटेक सह व्यवसायिक मूल्यांकन शिविर में 237 दिव्यांग सम्मिलित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

दिव्यांगों को शिक्षा के साथ सशक्त बनाने में जिला प्रशासन दंतेवाड़ा ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अटल बिहारी वाजपाई एजुकेशन सिटी स्थित सक्षम विशेष बाधारहित आवासीय विद्यालय में श्रम और रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत रोजगार महानिदेशालय डीजीई के नेशनल केरियर सर्विस सेंटर जबलपुर, मध्यप्रदेश द्वारा इंटेक सह व्यवसायिक मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। यह दो दिवसीय शिविर 11 एवं 12 नवंबर को आयोजित किया गया, जिसमें दंतेवाड़ा जिला समेत बीजापुर, कोंडागांव, बस्तर जिलों से 13 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 237 दिव्यांग सम्मिलित हुए।

शिविर में भागीदारी दिव्यांग लोगों को कैरियर काउंसिलिंग एवं व्यवसायिक मूल्यांकन कर भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के पोर्टल में प्रविष्ट करने की प्रक्रिया की गई है। नेशनल करियर सर्विस सेंटर जबलपुर के कान्ति कुमार देशमुख व्यवसायिक प्रशिक्षण रोजगार एवं रमेश कुमार व्यावसायिक प्रशिक्षण रोजगार उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि नेशनल करियर सर्विस सेंटर 1970 की दशक से दिव्यांगों के रोजगार मूलक मूल्यांकन और व्यवसायिक प्रशिक्षण से जोड़ने का कार्य कर रही हैं, जो कि मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ प्रांतों के लिए भारत सरकार का एक मात्र सेंटर जबलपुर में स्थित है। यह शिविर छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में पहली शिविर रही और पूर्णतः सफल रही। आने वाले समय में दिव्यांगों के लिए सेंटर व्यवसायिक प्रशिक्षण देने पर विचार कर रही हैं। इस शिविर में विशेष सहयोगी सक्षम 1 बालक परिसर के अधीक्षक प्रमोद कर्मा एवं सक्षम 2 बालिका परिसर अधीक्षका रमा कर्मा के साथ विशेष शिक्षकगण तिलेश कटेश्वर, पूनम सिंह, अमित यादव, विक्रम पांडा, टूम्मन साहू एवं डाटा संकलन आसमन नाग, कु विनोदनी ने काउंसलिंग तथा मूल्यांकन करने अपनी भूमिका निभाई। शिविर के सफल आयोजन पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर, जिला मिशन समन्वयक हरीश प्रताप गौतम, एपीसी राजेंद्र पांडे, गीदम खंड शिक्षा अधिकारी भवानी पूनेम, खंड स्त्रोत समन्वयक जितेंद्र सिंह चौहान ने सक्षम विद्यालय को बधाई प्रेषित की है।

# आयुष स्वास्थ्य शिविर में 536 मरीजों ने लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला आयुष विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार विगत दिवस को साप्ताहिक बाजार दंतेवाड़ा कतियाररास में आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक चैतराम अटामी और नगर पालिका अध्यक्षा पायल गुप्ता की उपस्थिति में हुआ। शिविर में आयुष सिस्टम के आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी चिकित्सा और योग के चिकित्सक द्वारा परीक्षण कर मरीजों को दवाई वितरित किया गया।

इस संबंध में प्रभारी डॉ. बीआर भुआर्य ने बताया कि इस समय मौसमी बीमारियों के साथ ही पुराने जीर्ण रोग से ग्रस्त मरीज इस शिविर में यूनानी और होम्योपैथी की दवाई ले रहे है, इनमें सर्वाधिक वात रोग और पेट रोग से ग्रसित मरीजों ने अपना उपचार करवाया। इस तरह जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर में 536 मरीज लाभान्वित हुए। शिविर में चिकित्सक दल जगदम्बा पांडा, मधु साहू, डॉली ठाकुर, साकेत, किशन ठाकुर, संतोष बर्मन, रविन्द्र, प्रभजोत,



तानिया द्वारा अपनी सेवाएं दी गई। उक्त शिविर में जिला आयुष अधिकारी डॉ. बसंत कुमार कोसरे सहित नेतराम कंवर, जयनारायण, अहिरवार देवांगन सहित अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

# बिहान योजना की एकीकृत फार्मिंग क्लस्टर परियोजना ने महिलाओं की जिंदगी को दी नई रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दूरदराज के आदिवासी इलाकों में जहां गरीबी और मजदूरी जीवन की सच्चाई हुआ करती थी, वहां बिहान योजना की एकीकृत फार्मिंग क्लस्टर परियोजना ने महिलाओं की जिंदगी को नई रोशनी दी है। कभी दूसरों के खेतों में मजदूरी कर परिवार का पेट पालने वाली श्रीमती बुटकी नाग, आज आत्मनिर्भर किसान और सफल उद्यमी बन चुकी हैं। बुटकी ग्राम पंचायत तराईगुड़ा नेगानार की निवासी हैं। उनके पति जयसिंह नाग के साथ रहने वाली बुटकी पहले दूसरों के खेतों में मजदूरी करके परिवार का गुजारा करती थीं, लेकिन अब वे अपनी तीन एकड़ जमीन पर

## मुर्गीपालन और बकरीपालन को बनाया अतिरिक्त आय का जरिया



### आर्थिक स्थिति हुई मजबूत

बिहान योजना की एकीकृत कृषि प्रणाली उप-परियोजना के तहत उन्होंने डेढ़ एकड़ में धान की खेती की, जबकि एक एकड़ में मक्का बोया। इसके अलावा आधा एकड़ जमीन पर तोरई, करेला और सेम जैसी सब्जियों की भरपूर पैदावार हो रही है। खाली पड़ी जमीन का सदुपयोग करते हुए उन्होंने मुर्गी पालन शुरू किया और बकरी शेड बनवाकर बकरी पालन का काम भी संभाला। पहले मजदूरी से मुश्किल से पेट भर पाता था, लेकिन अब अपनी फसलें और पशुपालन से परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो गई है, बुटकी गर्व से बताती हैं। बिहान योजना ने महिलाओं को न केवल वित्तीय सहायता दी, बल्कि एकीकृत फार्मिंग के जरिए विविध आय स्रोत सिखाए। बस्तर जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में यह परियोजना सैकड़ों महिलाओं की आर्थिक स्थिति बदल रही है, जो गरीबी की जंजीरों से मुक्त होकर स्वावलंबन की मिसाल कायम कर रही हैं।

धान, मक्का एवं साग सब्जी का उत्पादन करने सहित मुर्गी पालन और बकरी पालन से आत्मनिर्भर बन चुकी हैं।

साल 2020 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की बिहान योजना से जुड़कर बुटकी ने सीता माता महिला स्वयं सहायता समूह का गठन किया। समूह को रिवॉल्विंग फंड के रूप में 15 हजार रुपए और कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड के रूप में 60 हजार रूपए मिले, जिससे उन्होंने अपनी खेती की नींव रखी। ब्लॉक मुख्यालय दरभा से महज 15 किलोमीटर दूर तराईगुड़ा नेगानार गांव में बुटकी की तीन एकड़ जमीन अब हरी-भरी फसलों से लहलहा रही है।

## हाईवे में एमसीपी लगाकर पकड़ा, 5.40 लाख का गांजा बरामद

# लाखों रुपए के गांजा के साथ मुरादाबाद का तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बोधघाट पुलिस ने मुरीदाबाद के तस्कर से लाखों रूपए का गांजा बरामद किया है। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए हाईवे में मोबाईल चेकपोस्ट लगाकर वाहनों की तलाशी ली जा रही थी इसी दौरान उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया।

■ आरोपी न्यायालय में पेश, भेजा गया जेल

गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी में माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन, सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण व बोधघाट थाना प्रभारी लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा आड़ावाल हाईवे में एमसीपी लगाकर वाहनों की तलाशी ली जा रही थी। इसी दौरान ओडिशा से कुरंदी होते हुए आड़ावाल की ओर मोटरसाईकल क्रमांक ओआर 10 डी 6439 को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम रफी शेख पिता सिद्की शेख 37 वर्ष निवासी ग्राम टिकटिकी पड़ा पोस्ट लोकनाथपुर डोमगुल जिला मुरीदाबाद का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से 53.17 किलो गांजा बरामद किया गया। जब्त गांजा की अनुमानित कीमत 5 लाख 40 हजार रूपए आंका गया है इसके अलावा आरोपी की बाईक व मोबाईल भी जब्त किया गया। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ नॉरकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई लोकेश्वर नाग, एएसआई दिनेश उसेंडी, प्रधान आरक्षक अहिलेश नाग, सुनील मनहर, बलराम कश्यप, आरक्षक होरीलाल आर्मो, युवराज, थानेन्द्र सिन्हा, विजय तिर्की व अजित सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## आत्मज्ञान की गंगा के श्रीमद्भागवत कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नगर के सीताराम शिवालय में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के आचार्य सुमित भारद्वाज के श्रीमुख से प्रवाहित श्रीमद्भागवत महापुराण के आंठवें दिन गुरूवार को सानंद यज्ञ समापन हुआ। उन्होंने गीता के माहात्म्य का वर्णन करते हुए बताया कि यह ग्रंथ मात्र धर्मग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। जो मनुष्य इस योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण की वाणी को अपने जीवन में धारण कर लेता है, वह धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों पुरुषार्थों को प्राप्त करता है। यह (गीता) ज्ञान का वह सूर्य है जिसके उदय होने पर अज्ञान का अंधकार स्वतः समाप्त हो जाता है। कथा वाचक ने बताया कि गीता से साधक को जीवन में शांति, आनंद और विजय प्राप्त होती है, जैसा कि समापन श्लोक में वर्णित है। जहां योगेश्वर श्रीकृष्ण हैं और जहां धनुर्धारी अर्जुन हैं, वहीं पर विजय, विभूति और अचल नीति है। ज्ञान और भक्ति से परिपूर्ण इस भव्य कथा के समापन पर तुलसी वर्षा का अलौकिक आयोजन किया गया। इसके उपरांत, हवन-पूणार्हुति के साथ समस्त भक्तजनों ने पुण्य लाभ प्राप्त किया। कथा की पूणार्हुति के पश्चात, भक्तजनों के लिए भंडारा का आयोजन किया गया। भागवत कथा के आयोजक संगीता साव, रिषभ साव, यजमान चांदनी-प्रतीक साव, आंचल-वैभव साव रहे।

## धान खरीदी को लेकर सरकार की अनदेखी : अजय बिसाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजय बिसाई ने भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य में सहकारिता, कर्मचारी और किसान तीनों मोर्चों पर सरकार की नाकामी साफ झलक रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की दुर्भावना और अकर्मण्यता के चलते छत्तीसगढ़ के 2739 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी पर संशय की स्थिति बनी हुई है।

बिसाई ने कहा कि सहायता मूल्य पर खरीफ उपार्जन शुरू होने में अब केवल दो दिन शेष हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस तैयारी नहीं की गई है। इसके विपरीत, सहकारी समिति कर्मचारी संघ, लैंप्स ऑपरेटर और जिला सहकारी बैंक कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल की राह पर हैं, जिससे खरीदी व्यवस्था चरमराने की आशंका है। बिसाई ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार सहकारिता संस्थाओं को कमजोर करने की साजिश में जुटी है। उन्होंने कहा कि सरकार के कुप्रबंधन से सहकारी समितियों को 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है, और धान के समय पर उठाव न होने से आर्थिक संकट गहराता जा रहा है।

## कांगेर घाटी में 5 से 7 दिसंबर तक बटरफ्लाई मीट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रकृति प्रेमियों और तितली विशेषज्ञों के लिए इस दिसंबर एक अद्भुत अनुभव का अवसर आने वाला है। राज्य शासन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय "कांगेर वैली बटरफ्लाई मीट " का आयोजन 5 से 7 दिसंबर तक सुरम्य कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में किया जा रहा है। बस्तर की इस रहस्यमयी घाटी को "जंगल का जीवित काव्य" कहा जाता है, जहाँ सदियों पुराने वृक्ष समय की कहानियां फुसफुसाते हैं और तितलियाँ अपने रंगीन पंखों से प्रकृति के कैनवास पर नई कविताएँ रचती हैं। इस आयोजन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को जंगल की लय में खो जाने, वन्यजीवों के बीच जीवन की नजदीकी को महसूस करने और तितलियों की अद्भुत विविधता को देखने का सुनहरा मौका मिलेगा।

उक्त तीन दिवसीय शिविर का उद्देश्य तितलियों के अध्ययन, पहचान और संरक्षण के महत्व को समझना और प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करना है। पहले दिन प्रतिभागियों का पंजीकरण जगदलपुर स्थित कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान कार्यालय में किया जाएगा, जिसके बाद उन्हें निर्धारित वन शिविरों में भेजा जाएगा। दूसरे दिन तितलियों की विभिन्न प्रजातियों के प्रलेखन पर केंद्रित फील्ड ट्रेल्स का आयोजन किया जाएगा, जहाँ विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में प्रतिभागी जंगल के रास्तों पर चलते हुए तितलियों की जीवनशैली को नजदीक से देख सकेंगे। अंतिम दिन सभी प्रतिभागी आधार शिविर में अपने अनुभव साझा करने सहित तस्वीरें और डेटा प्रस्तुत करेंगे ।

इस आयोजन में वही लोग भाग ले सकेंगे जो शारीरिक रूप से स्वस्थ हों और जंगल की परिस्थितियों में प्रतिदिन 12 से 15 किलोमीटर पैदल चलने में सक्षम हों। प्रतिभागियों के पास तितलियों की पहचान का बुनियादी ज्ञान होना आवश्यक है, जबकि गंभीर चिकित्सकीय स्थितियों वाले व्यक्तियों को आवेदन न करने की सलाह दी गई है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 नवंबर निर्धारित की गई है, वहीं चयनित प्रतिभागियों को 22 नवंबर तक सूचना दी जाएगी।

## विधायक देव आज करेंगे विविध विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव शुक्रवार को नगर के विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। देव कोर्ट चौक के सामने पुलिया निर्माण कार्य, इंदिरा स्टेडियम एवं आमचो बस्तर क्लब में बॉक्स क्रिकेट निर्माण कार्य, तथा वीर सावरकर भवन के रिनोवेशन कार्य का लोकार्पण करेंगे। इन परियोजनाओं से न केवल शहर की आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी, बल्कि खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी नई दिशा प्राप्त होगी। देव ने कहा शहर का सर्वांगीण विकास ही हमारी प्राथमिकता है। नए पुल, खेल मैदान और सांस्कृतिक केंद्रों से बस्तर की पहचान और सशक्त होगी।

इस अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप,स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी,महापौर संजय पांडे, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन,एमआईसी सदस्य एवं पार्षदगण भी उपस्थित रहेंगे। नगर निगम जगदलपुर के नेतृत्व में शहर को अधोसंरचनात्मक विकास,खेल सुविधाओं के विस्तार और सांस्कृतिक समृद्धि की दिशा में निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है।

## 72वां अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह आज से, होंगे विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

72वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का शुभारंभ 14 नवंबर को प्रातः 9 बजे बस्तर जिला सहकारी संघ मर्यादित, जगदलपुर में सहकारी ध्वजारोहण के साथ होगा। यह आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ मर्यादित रायपुर के मार्गदर्शन और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ मर्यादित नई दिल्ली के निर्देशानुसार किया जा रहा है।

संघ के अध्यक्ष वेदांत दीक्षित और उपाध्यक्ष नरसिंह राव के निर्देशन में यह कार्यक्रम बस्तर संभाग के सातों जिलों में क्रमवार आयोजित होगा।

द्वितीय दिवस का आयोजन कोंडागांव के सोनाबाल सहकारी समिति में, तृतीय दिवस विश्रामपुरी के लेम्प्स भवन में, चतुर्थ दिवस सुकमा के छिंदगढ़ में, पंचम दिवस दंतेवाड़ा के बारसूर में, छठवां दिवस बीजापुर के लेम्प्स भवन में तथा समापन कार्यक्रम करपावंड (बस्तर) में आयोजित होगा।

संघ के अध्यक्ष वेदांत दीक्षित ने सभी जिलों की सहकारी संस्थाओं से आह्वान किया है कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सहकारिता मंत्री अमित शाह की प्रेरणा से "सहकार से समृद्धि" के संकल्प को साकार करने में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि सभी संस्थाएं 14 से 20 नवंबर तक अपने-अपने संस्थानों में विषयगत गोष्ठी एवं चिंतन सभा आयोजित करें और 14 नवंबर को अनिवार्य रूप से सहकारी ध्वज फहराएं।

## प्रमुख अभियंता ने बस्तर जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण कर ग्रामीणों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता ओंकेश चंद्रवंशी ने गुरुवार को बस्तर जिले के ग्राम पूर्वी टेमरा एवं नारायणपाल में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया और कार्यों में तकनीकी मापदंडों एवं गुणवत्ता के मानकों का परिपालन कर योजनाओं को शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही इन योजनाओं के द्वारा तत्काल जलापूर्ति शुरू करने कहा। उन्होंने इस दौरान ग्रामीणों से भी चर्चा कर हर घर जल प्रदाय के लिए नल कनेक्शन देने के बारे में पूछा। इस मौके पर अतिरिक्त मिशन संचालक एसएन पांडे, मुख्य अभियंता जीएल लखेरा, अधीक्षण अभियंता कैलाश मांडरिया तथा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।






## बस्तर में 25 सालों में मछलीपालन उत्पादन 8 गुना बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ 10 हजार से ज्यादा मत्स्यपालक एवं किसान हुए लाभान्वित

बस्तर जिले में पिछले 25 वर्षों में मछलीपालन ने जो करिश्मा दिखाया है, वह किसी क्रांति से कम नहीं है। राज्य सरकार की दूरदर्शी नीतियों और प्रोत्साहन योजनाओं की सहायता से यहां मछली उत्पादन लगभग आठ गुना बढ़ गया है। जहां कभी सालाना उत्पादन महज 574 मीट्रिक टन था, वहीं आज 16010 मीट्रिक टन तक पहुंच चुका है। इसी तरह मत्स्य बीज उत्पादन भी 149 लाख फिंगरलिंग्स से बढ़कर 728 लाख से ज्यादा हो गया है। इस उछाल की असली ताकत है मछली पालन को कृषि का दर्जा मिलना। इसके बाद मत्स्यपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा मिल रही है। जिसमें एक लाख रुपये तक का ऋण बिना ब्याज के और तीन लाख रुपए तक महज एक प्रतिशत ब्याज पर सहजता से ऋण उपलब्ध है। पहले यह सुविधा सीमित और महंगी थी। जलकर और बिजली बिल में छूट ने भी मछलीपालकों एवं किसानों का हौसला बढ़ाया है। नतीजा यह कि दस हजार से ज्यादा मत्स्यपालकों एवं किसानों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव आया है।



जिले के जल संसाधन भी इस सफलता की गवाही दे रहे हैं। ग्रामीण तालाबों की संख्या 757 से बढ़कर 4852 हो गई है जबकि जलाशय तीस से तैंतीस तक पहुंच गया है। कुल जलक्षेत्र 1316 हेक्टेयर से बढ़कर लगभग 3888 हेक्टेयर हो चुका है। इनमें से 3796 हेक्टेयर पर सक्रिय मछली पालन हो रहा है यानी उपलब्ध जलक्षेत्र का 97 प्रतिशत में मत्स्यपालन किया जा रहा है। मत्स्यपालन विभाग ने इन पच्चीस सालों में स्वयं 66 हेक्टेयर रकबा के नए तालाब बनाए हैं। वर्ष 2000 में मछली पालन के लिए 301 ग्रामीण तालाबों की 370 हेक्टेयर जल क्षेत्र को पटटे पर दिया गया था, जो अब बढ़कर 903 ग्रामीण तालाबों के लगभग 903 हेक्टेयर जल क्षेत्र हो चुकी है।

बस्तर अब मत्स्य बीज में न सिर्फ आत्मनिर्भर है, बल्कि कोंडागांव, सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर और पड़ोसी राज्य ओडिशा को भी पर्याप्त मात्रा में मत्स्य बीज आपूर्ति कर रहा है। बस्तर में मछली का प्रति हेक्टेयर उत्पादकता 3.20 मीट्रिक टन तक पहुंच गई है।

## खबर संक्षेप

### बाल दिवस पर विशेष आधार नामांकन शिविर आज

जगदलपुर। बाल दिवस के अवसर पर बच्चे के नामांकन और आधार अपडेट हेतु डाक विभाग द्वारा एक विशेष आधार शिविर का आयोजन किया जाएगा। बस्तर संभाग में 14 नवंबर की सुबह 9 बजे से सायं 4 बजे तक 9 आधार केन्द्र डाकघरों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों को आधार सुविधा से जोड़ना तथा पूर्व से बनें आधार में सुधार करना है। शिविर में नामांकन सुविधा निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। शिविर प्रधान डाकघर जगदलपुर, उप डाकघर सुकमा, कांकेर, उप डाकघर लोहाण्डीगुडा, उप डाकघर फरसगांव, उप डाकघर सरोना, उप डाकघर कोण्डागांव, उप डाकघर कोरर, उप डाकघर बीजापुर में होगी। अधीक्षक डाकघर गणेश कुमार मिश्रा ने बताया कि शिविर के लिए अभिभावकों से कहा गया कि वे अपने बच्चों के जन्म प्रमाणपत्र एवं स्वयं का आधार आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ लाएं। यह पहल बच्चें बच्चों में डिजिटल पहचान एवं सरकारी सेवाओं तक आसान पंहुच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### आधार पंजीकरण के लिए बैठक आज

जगदलपुर। जिले में 5 वर्ष तक आयु वर्ग के सभी बच्चों के आधार पंजीयन के लक्ष्य को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए एक आवश्यक बैठक का आयोजन शुक्रवार को दोपहर 2 बजे प्रेरणा हॉल में होगी, जहाँ पंजीकरण की वर्तमान स्थिति और भावी रणनीति पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों और ऑपरेटरों की उपस्थिति को अनिवार्य किया गया है। इसमें सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी, ई-डिस्ट्रिक्ट के जिला प्रबंधक साथ ही सभी आधार ऑपरेटर और डाक विभाग के आधार ऑपरेटर शामिल होंगे।

### धान उपार्जन केंद्रों पर सभी जरूरी व्यवस्थाएं हों

जगदलपुर। जिले में धान उपार्जन की तैयारियां अपने अंतिम चरण पर हैं, जिसके तहत धान खरीदी का कार्य 15 नवंबर से शुरू होने जा रहा है। इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को सुचारू और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां की गई है। कलेक्टर हरिस एस द्वारा जिले के विभिन्न प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (लैंपस) पर धान खरीदी के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गई है। यह तैनाती सहकारिता विभाग के निर्देशों के अनुपालन में की गई है। इस आदेश के तहत कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, बैंक सुपरवाइजर और अन्य संबंधित विभागों के कर्मचारियों को उनके मूल कर्तव्यों के साथ ही जिले के अलग-अलग धान उपार्जन केंद्रों पर अस्थायी रूप से संलग्न किया गया है। अधिकारियों को इन सभी धान उपार्जन केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे बारदाने, तौल मशीनें और नमी मापक यंत्र इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।




